



# गली गली में बैठे 'यमदूत' 14 की दुकानों पर सील बंद ताले

**खास बातें**

- झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक और मेडिकल सील बंद
- कलेक्टर के निर्देश पर बनी टीम ने की कार्यवाही



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 4 जुलाई, जिले भर में गली गली में झोला छाप डाक्टारों ने अपनी दुकाने खोल रही हैं इनके पास न तो कोई डिग्री होती है और न ही इलाज का कोई लंबा तर्जुबा होता है, कुछ दिन किसी क्लीनिक पर काम करने के बाद यह झोला छाप डाक्टर अपनी डाक्टरी की दुकान भगवान के नाम से खोलकर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर पैसा कमाने में जुट जाते हैं. पिछले कुछ महीनों में ऐसे कई मामले सामने आए जिनमें झोलाछाप डाक्टरों के इलाज से कई मरीजों जान गई या फिर आफत में जान आ गई, विगत दिनों लटेरी में भी 2 साल के बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई इस बच्चे का इलाज भी झोला छाप डाक्टर कर रहा था.बच्चे की मौत के बाद स्वास्थ्य, प्रशासन और पुलिस ने इस डाक्टर की क्लीनिक को सील कर दिया, बच्चे की मौत के बाद जागे सरकारी सिस्टम ने ताबड़तोड़ कार्रवाही करते हुए एक ही दिन में जिले में 14 झोलाछाप दुकानों पर सीलबंद ताले जड़ दिए.**

## इन झोलाछाप दुकानों पर लगे ताले

झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक और मेडिकल सील बंद करने की कार्यवाही की गई है उनमें करैया खेड़ा रोड स्थित महाकाल क्लिनिक, पीतल मिल चौराहा स्थित श्री सेवा मेडिकल एवं क्लिनिक और प्राइवेट क्लीनिक नीलेश जैन, विदिशा के वकील साहब की कॉलोनी स्थित सांई क्लिनिक, नटेरन स्थित गायत्री क्लिनिक, नया गोला नटेरन स्थित शर्मा क्लिनिक, हाजीपुर सिरोंज स्थित कुशवाहा क्लिनिक संचालक हरिओम कुशवाहा, ग्राम हांसुआ स्थित कृष्णा क्लिनिक संचालक आरएस तोमर और विश्वकर्मा क्लिनिक संचालक विनोद कुमार विश्वकर्मा, स्वरूप नगर त्योंदा रोड गंजबासौदा स्थित सांई दवाखाना, मलनिया रोड लटेरी स्थित अभिषेक नामदेव प्राइवेट क्लीनिक और कृष्णा पैथोलॉजी प्राइवेट पैथोलॉजी संचालक राजनीता अहिरवार शामिल हैं. झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक एवं मेडिकल की जांच व सीलबंद कार्रवाई के लिए जांचकर्ता अधिकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पुनीत माहेश्वरी, बीएमओ नटेरन डॉक्टर नीतू सिंह राय, बीएमओ सिरोंज डॉक्टर विकास बघेल, बीएमओ विदिशा डॉक्टर हेमंत कुमार पंचोली, बीएमओ गंजबासौदा डॉक्टर प्रमेंद्र तिवारी और बीएमओ लटेरी डॉक्टर अभिषेक उपाध्याय के द्वारा उक्त कार्रवाई की गई है.

## सैकड़ों की संख्या में चला रहे दुकान

शहर एवं ग्रामीण अंचलों में दर्जनों की तादाद में अपंजीकृत एवं अनाधिकृत क्लीनिक संचालित हो रहे हैं. जहां पर झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की हर तरह की बीमारी का बेधड़क होकर उपचार कर देते है. इनके द्वारा मरीजों का इंजेक्शन लगाने से लेकर मरीज की हर प्रकार की बीमारी का ईलाज कर दिया जाता है. जिससे कई बार मरीजों की जान पर भी बन आती हैं. इनमें से कई क्लीनिक संचालकों के पास पर्याप्त वैध दस्तावेज भी नही है. बावजूद इसके इन क्लीनिकों में मरीज की हर प्रकार की बीमारी का ईलाज कर दिया जाता है. जब एक बार मरीज उनके चंगुल में फंस जाता है, तो यह ईलाज के नाम पर मरीजों से मोटी रकम वसूलते है. यह क्लीनिक संचालक अपने क्लीनिकों को वैध बताते हैं. वही जब कार्यवाही होती है, तो यह क्लीनिकों को बंद कर भाग खड़े होते हैं. दुसरी तरफ जब कोई घटना होती है तो प्रशासन भी हरकत में आ जाता है तथा इन क्लीनिकों की जांच पड़ताल शुरू हो जाती है. क्षेत्र में पूर्व में भी प्रशासन द्वारा कई बार इन अपंजीकृत, अनाधिकृत रूप से संचालित क्लीनिक, अस्पतालों के विरूद्ध कार्यवाही की गई. लेकिन यह कार्यवाही लगातार जारी न रहने से इन अवैध क्लीनिक संचालकों एवं झोलाछाप डॉक्टरों के हौंसले बुलंद है.

## टीम को क्लीनिक पर मिली दवाईयां,एक क्लीनिक पर मिले मरीज को एंबुलेंस से भेजा अस्पताल

**सिरोंज**, लटेरी क्षेत्र में गत दिनों हुई घटना में उपचार के दौरान एक मासूम की मौत होने के बाद सिरोंज क्षेत्र में भी प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए अवैध क्लीनिकों पर शिकंजा कसा. इस दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुए तीन क्लीनिकों को सील कर दिया. जिसमें सिरोंज, दीपनाखेड़ा एवं पथरिया के एक-एक क्लीनिक शामिल हैं. इन क्लीनिकों पर टीम को दवाईयां भी मिली. जिनको टीम ने जप्त करने की कार्यवाही की. वही सिरोंज के क्लीनिक पर टीम को उपचाररत मरीज भी मिला. जिसे टीम ने एंबुलेंस की मदद से चिकित्सालय पहुंचाया.





लटेरी क्षेत्र में हुई घटना में एक मासूम की मौत होने के बाद सिरोंज क्षेत्र में भी प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लीनिकों की जांच पड़ताल की. प्रशासन की इस कार्यवाही से कई क्लीनिक संचालकों में हड़कंप की स्थिति दिखाई दी. टीम की जानकारी लगने पर कई क्लीनिक संचालक क्लीनिक छोड़कर भाग खड़े हुए. इस दौरान तहसीलदार संजय चौरसिया एवं बीएमओ डॉक्टर विकास सिंह बघेल की मौजूदगी में गुरुवार को रात में सिरोंज के हाजीपुर में कुशवाह क्लिनिक पर टीम ने छापा मारकर जांच पड़ताल की. बीएमओ डॉ. विकास सिंह बघेल ने बताया कि टीम को सिरोंज शहर के हाजीपुर क्षेत्र के इस क्लीनिक पर एक मरीज मिला. जिसे युवक ड्रिप लग रहे थे. टीम की जानकारी लगते ही क्लीनिक पर मौजूद युवक भाग खड़े हुए. जिसके बाद क्लीनिक पर मौजूद मरीज को एंबुलेंस बुलाकर चिकित्सालय भेजा गया. इस दौरान क्लीनिक की मान्यता एवं दस्तावेजों की जांच पड़ताल की गई. वहीं क्लीनिक पर मौजूद युवकों की डिग्री के बारे में भी जानकारी ली गई. जिसके बाद अनियमितता मिलने पर टीम द्वारा क्लीनिक को सील करने की कार्यवाही की गई. टीम को क्लीनिक पर ड्रिप एवं दवाईयां भी मिली. वही सड़क के दूसरी ओर भी एक वार्ड मिला. जिसपर मरीज को भर्ती करने की व्यवस्था थी. वहीं शुक्रवार को भी राजस्व विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुलिस बल के साथ बीएमओ डॉ. विकास सिंह बघेल की मौजूदगी में दीपनाखेड़ा एवं पथरिया में एक-एक क्लीनिक पर छापा मारा. इस दौरान इन क्लीनिकों पर जांच पड़ताल की गई. बीएमओ डॉ. विकास सिंह बघेल ने बताया कि ग्राम पंचायत दीपनाखेड़ा में भोपाल हेल्थ क्लीनिक एवं पथरिया में जैद हेल्थ क्लीनिक की टीम ने जांच पड़ताल की. इन दोनों क्लीनिकों पर टीम को दवाईयां भी मिली. वहीं कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले. जिसपर इन दोनों क्लीनिकों को भी सील करने की कार्यवाही की गई.

## लाभ दिलाने शिविरों का आयोजन जारी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक जारी जन सुरक्षा योजनाओं के संतृप्ति अभियान में प्रथम सप्ताह में 48 कैंपों का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया है, जिसमें पीएमजेजेबीबाय के 403 आवेदन एवं पीएमएसबीबाय के 411 आवेदन एवं अटल पेंशन योजना के 420 आवेदन प्राप्त हुए हैं. आवेदनों को बैंक बार शॉर्ट कर संबंधित बैंक के जहां हितग्राहियों के बैंक खाते हैं को प्रेषित कर दिया गया है, ताकि हितग्राहियों का उक्त योजनाओं में पंजीयन हो सके. प्रत्येक सप्ताह में बुधवार एवं गुरुवार को इन कैंपों का पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन जारी रहेगा.

## मेडिकल कॉलेज से सरिया चोरी के आरोप में आरोपी को रंगेहाथ किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, निर्माणाधीन क्रिटिकल हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज परिसर से सरिया चोरी की घटना पर कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके से पकड़ लिया.**3 जुलाई को रात्रि आरोपी शुभम राय पिता मिश्रीलाल राय निवासी विदिशा मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग में सरिया चोरी करते हुए पकड़ा गया. मौके से 50 किलो लोहे का सरिया अनुमानित कीमत रु. 3000 बरामद कर आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई. इस कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी आनंद राज, एएसआई मलखान सिंह, प्रधान आरक्षक महेंद्र गौड़, आरक्षक शिवम गुर्जर एवं आरक्षक अरविंद पाठक की अहमद भूमिका रही.



## जन अभियान के 28वें स्थापना दिवस पर स्वैच्छिकता पर्व का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, म.प्र. जन अभियान परिषद के 28वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के समस्त् जिला मुख्यालयों पर स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन हुआ. म.प्र. जन अभियान परिषद जिला विदिशा द्वारा स्वैच्छिकता पर्व कार्यक्रम का आयोजन विजयाराजे सिधिंया कन्या महाविद्यालय विदिशा में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा, अरविंद श्रीवास्तव उपस्थित रहें.**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया. मप्र जन अभियान परिषद की जिला समन्वय श्रीमती पूजा बंधैया ने सर्वप्रथम जन अभियान के गठन एवं परिषद द्वारा विगत 16वर्षो से किये जा रहे कार्यो का प्रस्तुतिकरण अतिथियों एवं प्रतिभागियों के समक्ष रखा गया.कार्यक्रम के अगले चरण में म.प्र. के यशस्वी मुख्यमत्रीं डॉ. मोहन यादव एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दिये गए संदेश को प्रतिभागियों को दिखाया गया, जिसमें आगामी दो माह तक ''एक पेड मॉ के नाम'' अभियान अंतर्गत पौधारोपण किये जाने की जानकारी दी. परिषद द्वारा किये गए कार्यो का प्रस्तुतिकरण लघु फिल्म के माध्यम से दिखाया गया एवं परिषद द्वारा वर्तमान में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किये गए सराहनीय कार्यो का प्रजेटेंशन प्रस्तुरत किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने जन अभियान परिषद के द्वारा किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की एवं परिषद के स्थापना दिवस पर बधाईयॉ दी गई. अरविंद श्रीवास्तव द्वारा पर्यावरण संरक्षण के विषय पर प्रतिभागियों के समक्ष अपने विचार रखें गए एवं आगामी माह में अधिक से अधिक पौधारोपण किये जाने हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्सा हित किया गया. परिषद द्वारा मुख्य अतिथियों के सानिध्य में ''एक पेड मॉ के नाम'' अभियान अंतर्गत कॉलेज परिसर में पौधोरापण भी किया गया.परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नवांकुर, प्रस्फुटन, परामर्शदाता, छात्र-छात्राओं के द्वारा किये गए सराहनीय कार्य हेतु प्रमाण-पत्र वितरित किये गए. कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक सिरोंज चरण सिंह दांगी द्वारा एवं अतिथियों का आभार विकासखंड समन्वयक भीकम सिंह दांगी द्वारा किया गया. कार्यक्रम में जिलें के समस्तं विकासखंड से नवांकुर, प्रस्फुटन, परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राए एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमति ममता राठौर, श्रीमति सरिता पाठक,स्वदेश आचार्य, आशीष जैन एवं दीपक बाथम उपस्थित रहें.

## आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, शुक्रवार को दीपनाखेड़ा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम डेगरा निवासी मूंगालाल अहिरवार कलेक्टोरेट पहुंचे और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी के नाम आवेदन दिया. उन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा उनके बेटे जयराम अहिरवार पर लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया है.उन्होंने आवेदन देखकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है.**शुक्रवार को दीपनाखेड़ा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम डेगरा निवासी मूंगालाल अहिरवार ने बताया कि 30 जून को दोपहर में वह अपने खेत पर काम कर रहा था. इसी दौरान हल्कई अहिरवार, रामपाल, जगदीश, सिया बाई ने मिलकर लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. जिसमें उनके बेटे जयराम अहिरवार को गंभीर चोटें आई है.इस मामले की शिकायत उन्होंने थाना में दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस द्वारा आरोपियों पर गंभीर मामला दर्ज नहीं किया गया है. उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच कराई जाए और आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की जाए. उन्होंने कहा कि इससे पूर्व पहले भी उनके छोटे बेटे के साथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट की गई थी, जिसमें उनका करीब 90000 रुपए खर्च हो गया था. आरोपियों पर कठोर कार्रवाई न होने के कारण उनके हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं और उनके पट्टे की भूमि पर खेती नहीं करने दे रहे हैं.उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह सरकार में उन्हें पट्टा मिला था लेकिन आरोपियों द्वारा उस पर कब्जा कर खेती की जा रही है. उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि उनके पट्टे की भूमि उन्हें दिलाई जाए.

## अवैध विस्फोटक ब्लास्टिंग लिप्त क्रेसर संचालक गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में थाना देहात बासौदा पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अवैध विस्फोटक सामग्री से ब्लास्टिंग कराने वाला क्रेसर खदान संचालक नागेश त्रिवेदी को गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने बताया कि 13 जून 25 को शाम लगभग 6 बजे, मुखबिर से सूचना मिली कि चोरावर स्थित नागेश त्रिवेदी की गिट्टी क्रेशर खदान में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री से ब्लास्टिंग की तैयारी की जा रही है. सूचना पर तहसीलदार बासौदा निधि पटेल एवं थाना देहात बासौदा पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और विधिवत पंचनामा तैयार कर सामग्री ज़ब्त की. तहसीलदार द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के बाद मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।.आरोपी नागेश त्रिवेदी घटना दिनांक से ही फरार था, जिसे पुलिस ने 3 जुलाई को विदिशा से अभीरक्षा में लेकर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है.

## 25 हजार का मशरुका चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**, बाल विहार के पास स्थित फरियादी बृजेश जैन की शक्कर तेल की दुकान का ताला तोड़कर कुल 25,000 कीमत का मशरुका जिसमें नगदी एवं एलईडी, डीवीआर, वाई-फाई मॉडेम, सीसीटीवी कैमरे आदि शामिल थे, चुराने वाले आरोपी विजय धाकड़ निवासी राजपूत कॉलोनी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया.यह घटना 2 जुलाई की रात की है, जब आरोपी ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ला पेटी में रखे नगद रुपये और दुकान में लगे उपकरण चोरी कर लिए थे.इस कार्रवाई में निरीक्षक थाना प्रभारी आनंद राज, प्रधान आरक्षक अमित सक्सेना, आरक्षक सचिन सोनी, आरक्षक आकाश राणा एवं आरक्षक अरविंद पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

**घटना** | **रोजाना सैकड़ों लोग कर रहे हैं पटरी पार, जीआरपी और आरपीएफ के जवान अंजान**

## यह है मौत की पटरी, पार कर ली तो आगे जिंदगी



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, पटरी पार करने के दौरान साल भर में कई हादसे हो जाते हैं कई लोगों अपनी जान गवां चुके हैं. लोग पटरी पार न करें इसके के लिए जागरूकता के साथ सख्ती करना जरूरी हैं लेकिन विदिशा की स्टेनशन पर न तो पटारी पार करने वालों को जागरूक किया जा रहा है. और न ही उन पर सख्त कार्रवाही की जा रही है. यही बजह है कि रोजाना सैकड़ों लोग पटरी पार कर रहे हैं.**

शुक्रवार की सुबह विदिशा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 3 और 4 पर सुबह 9 बजे के आसपास जब सिंगरौली ट्रेन आई थी जिसमें से एक साथ हजारों मजदूर उतरे जो एक साथ पटरी पार करने लगे. इन मजदूरों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे.जो सिर पर सामान की गठरी लेकर उतरे और इसी गठरियों के साथ पटरी पार कर रहे थे. जिस समय मजदूर पटरी पार कर रहे थे उसी समय बीन से भोपाल की तरफ जाने वाली कई ट्रेने आ रही थीं इसके बावजूद इन मजदूरों को कोई भी रोकाने वाला न तो आरपीएफ का जवान नजर आया और न ही जीआरपी पुलिन इन मजदूरों को पटरी पार करने से रोका. पटरी पार करने का यह सिलसिला काफी देर तक चलता रहा.अप डाउन करने वालों ने बताया कि रोजाना सैकड़ो पटरी पार करते हैं जिनको कोई रोकने वाला नहीं होता है. बताया गया कि जिस समय भोपाल से बीना की तरफ जाने वाली मेमू ट्रेन आती है उसमे जगह की जुगाड़ के लिए भी रोजाना सैकड़ों मुसाफिर पटरियों पर खड़े होकर ट्रेने में सवार होते हैं.

### हर दिन आ रहे 2 से 3 हजार मजदूर

बताया गया कि इस समय खेती का काम चल रहा है कई जगह पर बोवनी हो रही है जिनमें काम करने के लिए दूसरे जिलों से रोजाना मजदूर आ रहे हैं. खासतौर पर कटनी, सतना और छत्तीसगढ़ की तरफ से मजदूर काम की तलाश में विदिशा जिले में आते हैं. किसान या फिर ठेकेदार इन लोगों को यहां पर लाने का इंतजाम करते हैं. जिनको रेलवे स्टेशन से मजदूरी के लिए ले जाते हैं. यहां पर मजदूरों ने बताया कि रोजाना 2 से 3 हजार मजदूर काम की तलाश में विदिशा आ रहे हैं. इनकी सुरक्षा के लिए तैनात जीआरपी और आरपीएफ के जवान स्टेशन पर नजर नहीं आए. और समाजसेवी भी इनको जागरूक करने के लिए नहीं आते.

## विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप की राशि

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बासौदा में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनांतर्गत मा शि मंडल की कक्षा 12 में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि के वितरण का मुख्य कार्यक्रम भोपाल में हुआ.इसी तारतम्य में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिसिंह रघुवंशी विधायक , शशि यादव नगरपालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता तथा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, एसडीएम , बीईओ, बीआरसी, प्राचार्य एमसी शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ.**



सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की पूजन की गई.उपरांत प्राचार्य एमसी शर्मा ने सभी अतिथियों का पुष्प हार से स्वागत कर शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा एक क्लिक द्वारा भोपाल से लैपटॉप की राशि विद्यार्थियों के खाते में भेजे जाने का प्रसारण भी दिखाया गया. विधायक द्वारा विद्यालय को प्रदान किया गया.वाटर कूलर का भी लोकार्पण किया गया. विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को और अधिक मेहनत के साथ अध्ययन करने का संदेश दिया तथा सरकार की ओर से विद्यार्थियों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी. कार्यक्रम में अशासकीय विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थी एवं उनके प्राचार्य भी सम्मिलित हुए.प्राचार्य एमसी शर्मा ने विद्यालय की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया.कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी दिनेश ओझा ने तथा आभार प्रधानाध्यापक अनिल दुबे ने व्यक्त किया.